किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

King George's Medical University, U.P., Lucknow.

Website: www.kgmu.org

Phone: +91-0522-2257540, Fax: +91-0522-2257539

कुलसचिव
Registrar

Ref. No. 192/B-2021 Date 23-11-21

कार्यालय ज्ञाप

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षकों की विभागीय पारस्परिक ज्येष्ठता सूची तैयार करने की दिशा में कार्यवाही करते हुए इस कार्यालय के नोटिस सं0 290/बी-2020 दिनांक 04.12.2020 द्वारा मा0 कुलपति जी के अनुमोदन के उपरान्त प्रो0 विनीत शर्मा, प्रति-कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय ज्येष्ठता समिति का गठन किया गया था।

उक्त समिति ने शिक्षकों की सेवा सम्बंधी अभिलेखों का सम्यक परीक्षण करके विभागीय अनन्तिम ज्येष्ठता के0जी0एम0यू0 की प्रथम परिनियामावली-2011 की धारा 11.10(1)(क)(ख) में दी गयी व्यवस्था के आधार पर सम्बंधित शिक्षकों के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, जन्मतिथि एवं चयन समिति द्वारा चयन करते समय की गयी संस्तुति के आधार पर सूची में ज्येष्ठता क्रम पर से सूची तैयार की गयी है। (छायाप्रति संलग्न)

यह सूची कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर तैयार की गयी है, जिसके सम्बंध में अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में शामिल शिक्षकगण से प्राप्त होने वाली यदि कोई आपत्ति हो तो, उन आपत्तियों का निराकरण करते हुए संशोधन किया जाएगा और इसके उपरान्त ज्येष्ठता समिति के परीक्षण एवं विश्वविद्यालय की मा0 कार्यपरिषद के अनुमोदन के उपरान्त विभागीय अन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के साथ आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग के शिक्षकों की विभागीय पारस्परिक ज्येष्ठता सूची सम्मिलित नहीं है। इन विभागों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची बाद में अलग से जारी की जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि 15 दिवस के अन्दर संलग्न विभागीय अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में प्रविष्टि के सम्बंध में यदि कोई आपत्ति हो तो, वह शिक्षक अपना लिखित प्रत्यावेदन अभिलेखीय साक्ष्यों सहित विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष के माध्यम से कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध कराने कर कष्ट करें। यदि निर्धारित अवधि तक किसी भी शिक्षक द्वारा इस सम्बंध में कोई आपत्ति/सूचना नहीं प्रेषित की जाती है तो यह मान लिया जाएगा कि इस सम्बंध में संलग्नक विभागीय अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा इसे अन्तिम ज्येष्ठता सूची क्रियान्वित किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

भवदीय

संलग्नकः यथोपरि।

कुलसचिव,
के0जी0एम0यू0 उ0प्र0
लखनऊ।

संख्याः 8993 /बी-2021 तद्दिनांक : 23-11-21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ चिकित्सा अधीक्षक, गांधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता, नर्सिंग संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. समस्त शिक्षक, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ को उनके विभागाध्यक्ष के माध्यम से।
6. डा0 रिचा खन्ना, सदस्य सचिव, आई0टी0 सेल, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विभागीय अनन्तिम ज्येष्ठता सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाईट (Website) पर upload करते हुये प्रकाशित कराने की कार्यवाही सम्पादित करने का कष्ट करें।
7. मा0 कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव,
के0जी0एम0यू0 उ0प्र0
लखनऊ।